**जिलाधिकारी, मुरादाबाद की अध्यक्षता में दिनांक 20.08.2024 को आयोजित जल जीवन मिशन फेस–2 एवं फेस–3 के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

भारत सरकार की अतिमहत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन, जिसके अन्तर्गत प्रदेश के समस्त ग्रामीण घरों को वर्ष 2024 तक पाइप पेयजल योजना के माध्यम से क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (एफ0एच0टी0सी0) द्वारा पेयजल उपलब्ध कराया जाना है, इस कार्य हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के द्वारा जल जीवन मिशन (फेस–2 एवं 3) के अन्तर्गत मुरादाबाद मण्डल में जनपद मुरादाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल आधारित पाइप पेयजल योजनाओ के निर्माण एवं 10 वर्षो तक संचालन एवं रख–रखाव हेतु मै0 एल0सी0 इन्फ्रा एवं मै0 एन0के0जी0 प्राइमस (जे0वी0), नई दिल्ली को जनपद मुरादाबाद हेतु सूचीबद्ध किया गया है। उक्त फर्मो द्वारा कराये जा रहे कार्यो की जिलाधिकारी, मुरादाबाद की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निम्नलिखित द्वारा प्रतिभाग किया गया:–

1. मुख्य विकास अधिकारी, मुरादाबाद।
2. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
3. जिला कृषि अधिकारी, मुरादाबाद।
4. बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद।
5. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, मुरादाबाद।
6. सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर/सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
7. श्री राजेश पटेल, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रा0लि0।
8. श्री गोवर्धन जोशी, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस प्रा0लि0।
9. श्री शेषमणी पाण्डेय, प्रोजेक्ट मैनेजर, टी0पी0आई0।
10. श्री रमन यादव, डिस्ट्रिक्ट कोर्डीनेटर, डी0पी0एम0यू0।

**बैठक की कार्यवाही निम्नानुसार प्रकार है :–**

1. जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–2 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा के प्रोजेक्ट मेनेजर श्री राजेश पटेल से समय से पूर्ण न होने वाली योजनाओं के विषय में चर्चा की गयीं जैस रामूवाला शेखू, पसियापुरा, मानपुर दत्त राम, ख्याजपुर धंतला, गोपीवाला कल्याणपुर, सिद्धरऊ नजरपुर, सलेम सराय, आदि योजनाओं में उच्च जलाशय, पाइप लेइंग, पेयजल गृह संयोजन आदि के 50 प्रतिशत कार्य अधूरे पड़े है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कहा गया कि योजनाओं को पूर्ण करने हेतु आपको 18 माह का समय मिला था, लेकिन अधिकतर प्रोजेक्टस में 17 माह से अधिक का अतिरिक्त समय व्यतीत होने के उपरान्त भी आपके द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किये गये है, अतः जिन योजनाओं में टाइम ओवर रन हो चुका है उन सभी प्रोजेक्टस को प्राथमिकता के आधार पर विशेष रूचि लेते हुये जल्द से जल्द पूर्ण करायें।

   उक्त पेयजल योजनाओं की एक–एक कर जिलाधिकारी महोदय द्वारा समीक्षा की गयी है।

   I. जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 एल0सी0 इन्फ्रा के प्रोजेक्ट मेनेजर से पूछा गया कि रामूवाला शेखू पेयजल योजना में उच्च जलाशय, पाइप लेइंग एवं एफ0एच0टी0सी0 के कार्य पूर्ण नहीं हुये है, इसमें क्या समस्या है। फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि योजना के समस्त कार्य प्रारम्भ करा दिये गये इस माह के अन्तर्गत समस्त कार्य पूर्ण कर योजना चालू करा दी जायेगी।

   II. जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 एल0सी0 इन्फ्रा के प्रोजेक्ट मेनेजर से पूछा गया कि पसियापुरा पेयजल योजना की क्या स्थिति है, एवं योजना के कार्य पूर्ण नहीं होने के क्या कारण है तथा आई0एस0ए0 एजेन्सी से जानकारी ली गयी कि उक्त योजना में पेयजल गृह संयोजन का कार्य पूर्ण क्यो नहीं हुये है, तत्क्रम में प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि शीघ्र कार्य प्रारम्भ करा दिये जायेगें। मॉडन ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट के टीम लीडर द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया तथा अवगत कराया गया कि अधिकतर घरों में सब्मरसीवल लगे है इसलिये ग्रामवासियें द्वारा पेयजल गृह संयोजन नहीं लिये जा रहे है।

III. जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 एल0सी0 इन्फ्रा के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाहीं गयी कि मानपुर दत्तराम की योजना लगभग 98 प्रतिशत पूर्ण है, केवल 2 प्रतिशत पाइप लाइन बिछाने का कार्य शेष है, यह योजना हर घर जल क्यो नहीं हो पा रही है, योजना से सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर श्री संजीव कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में सोलर पेनल के कार्य शेष है जिस कारण योजना चालू नहीं हो पा रही है, सोलर के कार्य पूर्ण होने के उपरान्त योजना से पेयजल आपूर्ति चालू हो जायेगी।

IV. जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 एल0सी0 इन्फ्रा के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाहीं गयी कि ख्याजपुर धंतला योजना में 17 माह का अतिरिक्त समय व्यतीत होने के उपरान्त क्या कारण है कि योजना के कार्य अधूरे है, प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि कार्य पूर्ण कर योजना में पेयजल आपूर्ति चालू करा दी गयी है।

V. जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 एल0सी0 इन्फ्रा के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाहीं गयी कि सिद्धरऊ नजरपुर एवं सलेम सराय योजनाओं के बहुत अधिक कार्य अधूरे पड़े है कार्य को पूर्ण क्यो नहीं किया गया है। उक्त के क्रम में मै0 एल0सी0 इन्फ्रा के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि जून माह में भूमि प्राप्त हुई है, जिस कारण से योजनाओं के कार्य अधूरे पड़े है।

VI. जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 एल0सी0 इन्फ्रा के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाहीं गयी कि उच्च जलाशय एवं पाइप लाइन बिछाने हेतु वर्तमान में आपके पास कितने गैंग है एवं प्रत्येक गैंग में कितने श्रमिक है। जिसके सन्दर्भ में मै0 एल0सी0 इन्फ्रा के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि हमारे पास 12 से 15 गैंग है प्रत्येक गैंग में 8–10 श्रमिक है तथा अभी हम 4 से 5 गैंग और बढ़ाने वाले है।

2. जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता से जानकारी चाही गयी कि फेस–2 की कुछ योजनाओं में वर्तमान तक पम्प हाउस नहीं बने है। जैसे मूढ़ापाण्डे की डिलरा रायपुर पेयजल योजना। उक्त के क्रम में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि डिलरा रायपुर में कैम्पस की जगह तालाब के अन्दर है जो लगभग 2.5 मी0 से 3.00 मी गहरी है, जिस कारण से योजना में ट्यूबवेल बोरिंग एवं पम्प हाउस के कार्य करने में लगभग 6 माह का विलम्ब हो गया है तथा मिट्‌टी भराव होने के पश्चात बाउण्ड्रीवॉल एवं पम्प हाउस का कार्य कराया जा रहा है।

3. जिलाधिकारी महोदय द्वारा जानकारी चाही गयी कि योजना में पाईप लाइन बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सड़को की वर्तमान में क्या स्थिति है। जिसके क्रम में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि लगभग 50 प्रतिशत योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापना के कार्य कराये गये है फर्मो द्वारा कुछ योजनाओं में सड़को को मोटरेबल किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय, द्वारा टी0पी0आई0 के टीम लीडर श्री शेषमणि पाण्डेय से जानकारी चांही गयी कि जनपद में फर्मो द्वारा कराये जा रहे सड़क पुर्नस्थापना के कार्यो की गुणवत्ता कैसी है, इसमें आपका क्या कहना है। उक्त के सम्बन्ध में टी0पी0आई0 के टीम लीडर श्री शेषमणि द्वारा अवगत कराया गया कि फर्मो द्वारा सड़क पुर्नस्थापना के कार्य गुणवत्ता पूर्वक कराये जा रहे है कुछ स्थलों पर कमियाँ है जिसको फर्मो द्वारा सही कराया जा रहा है।

4. जिलाधिकारी महोदय द्वारा टी0पी0आई0 के टीम लीडर श्री शेषमणि से जानकारी चाही गयी कि आपके द्वारा कितनी योजनाओं की जांच की गयी तथा उनमें आपको क्या–क्या मुख्य कमियाँ पाई गयी, कितनी पाइप लाइन डालकर छोड दिये गये है, कितने पेयजल गृह संयोजनों को घरों के बाहर किया गया है। उक्त के क्रम में टी0पी0आई0 के टीम लीडर द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। जिसके क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा टी0पी0आई0 के टीम लीडर को निर्देशित किया गया कि आप स्वंय योजनाओं का निरीक्षण कर उनमें पायी कमियों को आगामी माह की बैठक प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे एवं एक पी0पी0टी0 के माध्यम से साइट की संख्या, एन0सी0आर0 एवं ए0टी0आर0 से सम्बन्धित सूचना प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

नहीं किया गया है जैसे कुन्दरकी विधान सभा का मैनाठेर ग्राम पंचायत। यह स्थिति अत्यन्त खेदजनक है तथा जिलाधिकारी महोदय द्वारा उक्त के क्रम मे आदेशित किया गया कि कुन्दरकी विधान सभा में सभी योजनाओं पर तत्काल कार्य प्रारम्भ कराते हुये कार्यो को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें एवं जहाँ पाइप लाइन के कार्य पूर्ण हो गये है उनके पुर्नस्थापना के कार्य मानकानुसार गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराये जाये।

6. जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थिति सभी आई0एस0ए0 एजेन्सियों को आदेशित किया गया है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत आपके द्वारा योजनाओं में चलाये जा रहे जनजागरूकता अभियान में आपके द्वारा ग्रामवासियों को योजनाओं से सम्बन्धित क्या-क्या जानकारियाँ दी जा रही है उसका आगामी में की बैठक में 2 मिनट का प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत करेंगे।
7. जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि रोड रिपेयर के कार्यो को भी बुकलेट में शामिल कर लें तथा सड़क पुर्नस्थापना के कार्यो के फोटोग्राफ भी बुकलेट में लगाये तथा मुख्य विकास अधिकारी, मुरादाबाद से सम्पर्क स्थापित कर उनके निर्देशन में योजनाओं के निर्माण कार्यो की समीक्षा करायें तथा उनमें से कुछ योजनाओं को चिन्हित कर लें, जिससे मुख्य विकास अधिकारी मुरादाबाद द्वारा टीम गठित कर चयनित योजनाओं के निर्माण कार्यो की जांच कराई जा सकें।

बैठक के अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त जूनियर इंजीनियर को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं में चल रहे निर्माण कार्यो को मानक के अनुसार गुणवत्ता पूर्वक कराये तथा कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखे तथा जिन योजनाओं के समस्त निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके है उनका "हर घर जल" प्रमाणीकरण जलकल प्रांगण में ग्राम वासियों एवं जनप्रतिनिधियों को आंमत्रित कर भलि-भांति कराये।

जिलाधिकारी/
अध्यक्ष DWSM मुरादाबाद।

पृ0सं0 1404/ बैठक /119 दिनांक :- 05/07/24

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ प्रेषित :-**

1. मुख्य अभियन्ता महोदय (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
2. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
3. मुख्य विकास अधिकारी, मुरादाबाद।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
5. जिला कृषि अधिकारी, मुरादाबाद
6. बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद
7. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, मुरादाबाद
8. मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, ए-129, फेस-1 अशियाना, डा0 रूबी चुग हॉस्पिटल के पास, मुरादाबाद।
9. परियोजना हेड/निदेशक, मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 मकान नं0 10/273 सैक्टर-10 फेस-2, एम0जी0आर0 रेस्टोरेंट के पास आवास विकास, बुद्धी बिहार, मुरादाबाद-244001।
10. परियोजना प्रबन्धक, एजेन्सी मैसर्स आर0वी0 ऐसोसिएटस, आर्किटक्ट, इंजीनियर्स एण्ड कन्सल्टेन्स प्रा0लि0, टी0पी0आई0, मुरादाबाद क्लस्टर-14 को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
11. डी0पी0एम0यू0 कार्यालय, मानसरोवर कालोनी, मुरादाबाद।

जिलाधिकारी/
अध्यक्ष DWSM मुरादाबाद।